तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 17.0 डिग्री

हरिभूमि

# मध्यांचल भूमि

रायपुर, गुरुवार 26 फरवरी 2026

11 भक्ति और शरणागति से ही प्रभु का बोध होता है ...



12 'यादव जी की लव स्टोरी' फिल्म का विरोध,...





# जिला पुलिस की पहल : पुलिस कार्यप्रणाली का अब क्यूआर कोड से जनता देगी फीडबैक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिला पुलिस प्रशासन ने आम जनता और पुलिस के बीच भरोसे को मजबूत करने के लिए एक अभिनव कदम उठाया है। अब जिले के थानों और चौकियों में आने वाले आगंतुक पुलिस की कार्यप्रणाली, व्यवहार और शिकायतों पर हुई कार्रवाई का फीडबैक सीधे डिजिटल माध्यम से दे सकेंगे।

थाना/चौकी स्तर पर किए जा रहे कार्यों की मॉनिटरिंग, थाना/चौकी की कार्य प्रणाली में और अधिक सुधार लाने, आवेदकों द्वारा किए जा रहे शिकायतों पर अमल कर उन पर गंभीरता पूर्वक कार्यवाही आदि में आमजनों की सहभागिता भी अत्यंत आवश्यक है। आमजनों के सुझाव एवं उनके अनुभवों से थाना, चौकी के कार्यों को और अधिक सटीकता से संपादित किया जा सकता है। उक्त तथ्यों को दृष्टिगत रखते हुए जिले के समस्त थाना, चौकी में आमजनों, थाना आने वाले आगंतुकों से फीडबैक फॉर्म भरने क्यूआर कोड जारी किया गया है। 25 फरवरी को दोपहर 1 बजे प्रयास अभियान के तहत पुलिस कार्यालय बलौदाबाजार में पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता द्वारा क्यूआर कोड का विधिवत उद्घाटन किया गया। क्यूआर कोड के जरिए फीडबैक फॉर्म भरने का मुख्य उद्देश्य पुलिस स्टाफ की कार्यक्षमता बढ़ाना, कार्यों में सुधार लाना एवं थाना, चौकी स्तर पर कमियों को दूर करते हुए, आमजनों का पुलिस पर भरोसा मजबूत करना है।फीडबैक फार्म में भरे ▶▶ शेष पेज 11 पर

## आगंतुकों और आमजनों से थाना, चौकियों का फीडबैक फॉर्म भरवाया जाएगा

### कार्य के दौरान आ रही कमियों को दूर करने में मदद मिलेगी

उद्घाटन पर भावना गुप्ता ने कहा कि पुलिस की कार्यप्रणाली में और अधिक सुधार लाने, शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने में आम जनों का सहयोग भी अत्यंत आवश्यक है। क्यूआर कोड के जरिए थाना, चौकी आने वाले आगंतुक भी फीडबैक फॉर्म भरकर अपना अनुभव साझा कर पुलिस संबंधित कार्यों में अपना अमूल्य योगदान देंगे। फीडबैक फॉर्म से आमजनों, आवेदकों, शिकायतकर्ताओं को पुलिस की कार्य प्रणाली से संतुष्टि एवं कार्य के दौरान आ रही कमियों को दूर करने में मदद मिलेगी।




### फीडबैक फॉर्म के जरिए पारदर्शिता की पहल

यह क्यूआर कोड जिले के समस्त थाना, चौकी एवं पुलिस कार्यालय में लगाया जाएगा, जिसके तहत थाना, चौकी आने वाले आगंतुकों द्वारा थाना अनुभव, उनके शिकायत पर पुलिस द्वारा की जा रही कार्रवाई एवं गंभीरता आदि को फीडबैक फॉर्म के जरिए उनके द्वारा भरा जा जाएगा। इस फीडबैक फॉर्म का सुपरविजन पुलिस कार्यालय में पुलिस अधीक्षक द्वारा स्वयं अपने टीम के माध्यम से किया जाएगा।

## खबर संक्षेप



### गीतांजलि ने इंडोनेशिया में जीता गोल्ड मेडल

**गिधौरी**। जिले के ग्राम अमेरा निवासी प्रतिभावान खिलाड़ी गीतांजलि राय ने अंतरराष्ट्रीय बाल बैडमिंटन चैंपियनशिप (इंडोनेशिया) में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया है। अपनी इस उपलब्धि के बाद गृह जिला लौटने पर उनका जगह-जगह भव्य स्वागत और सम्मान किया गया। प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज द्वारा सतनाम धर्मशाला मड़वा गिरौदपुरी धाम में तीन मेला के अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी एवं प्रदेश पदाधिकारी तथा कसडोल विधायक संदीप साहू, बिलाईगढ विधायक कविता प्राण लहरे, सारंगढ़ विधायक उत्तरी जांगड़े भ, विधायक इन्द्र साव भाटापारा अटल श्रीवास्तव कोंटा, बालेश्वर साहू जैजैपुर, ओंकार साहू धमतरी, जनक ध्रुव बिन्द्रानवागढ़, व्यास नारायण कश्यप जांजगीर चांपा, हर्षिता स्वामी बघेल डोंगरगढ़, संगीता सिन्हा बालोद सहित प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के प्रदेश अध्यक्ष एल एल कोशले, प्रदेश महासचिव मोहन बंजारे आदि की उपस्थिति में साल श्रीफल एवं बाबा गुरु घासीदास की छायाप्रति भेंट कर सम्मानित किया गया। गीतांजलि राय को अन्तर्राष्ट्रीय बाल बैडमिंटन चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने पर शुभकामनाएं दी।

### मेले में 21 स्थानों पर था 250 दाल भात केंद



**बलौदाबाजार**। 21 स्थानों पर 250 दाल-भात केन्द्र स्थापित किए गए थे, जिसमें प्रतिदिन लगभग 1 लाख 30 एवं 3 दिनों में 3 लाख 90 हजार श्रद्धालुओं को निःशुल्क भोजन कराया गया। 10 स्थानों पर चिकित्सा शिविर लगाया था जिसमें 149 मेडिकल स्टाफ की ड्यूटी लगाई गई थी एवं 10 एम्बुलेंस भी तैनात किए गए थे। मेडिकल कैम्प के ओपीडी में 21863 लोगों का स्वास्थ्य जांच किया गया। इसके साथ ही आईपीडी में 83 लोगों का इलाज किया गया। मेला में स्वच्छता को दृष्टिगत रखते हुए पंचायत विभाग एवं नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा 24 घण्टे साफ-सफाई की व्यवस्था की गई। पूरे मेले स्थल को 10 जगहों में बांटा गया था। जिसमें लगभग 550 सफाई कर्मचारी एवं स्वच्छाग्रही की ड्यूटी लगाई गई थी। मेला परिसर में 250 अस्थाई टेप नल कनेक्शन, 48 पानी टैंकर, 100 अस्थाई एवं 80 स्थाई शौचालय, 16 चलित शौचालय, 55 स्नानागार,18 विद्युत ट्रांसफार्मर,10 जनरेटर की भी व्यवस्था की गई थी।

### देशी प्लेन शराब बरामद

**महासमुंद**। शराब की अवैध तौर पर बिक्री कर रहे दो लोगों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए सरायपाली पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली कि सरसीवा रोड कोटेनदरहा ईंट्ट भट्ठा के पास मोटर साइकिल में शराब रखकर दो लोग ग्राहक तलाश कर रहे हैं। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने संदेहियों से पूछताछ की जिस पर उन्होंने अपने नाम संजय नायक पिता पूरन नायक (27 साल) अंकोरी थाना बसना जिला महासमुंद, अजय मानिकपुरी पिता तिलकराम मानिकपुरी (26 साल) केंदूढार थाना सरायपाली जिला महासमुंद होना बताया। तलाशी के दौरान संदेहियों के कब्जे से 100 नग देशी प्लेन शराब शोले कीमत 8000 रुपए, एक नग मोटर सायकल बरामद किया गया।

### पुलिस और बम निरोधक दस्ते ने घंटों खंगाला परिसर

# जिला सत्र न्यायालय को बम से उड़ाने की धमकी, ई-मेल से मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिला मुख्यालय स्थित जिला एवं सत्र न्यायालय बलौदाबाजार को मंगलवार 25 फरवरी की सुबह बम से उड़ाने की धमकी भरा ईमेल मिलने से हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार सुबह लगभग 11 बजे न्यायालय के आधिकारिक ईमेल अकाउंट पर अज्ञात व्यक्ति द्वारा यह धमकी भेजी गई। ईमेल में न्यायालय परिसर को बम से उड़ाने की बात कही गई थी। ईमेल भेजने वाले की पहचान फिलहाल स्पष्ट नहीं हो पाई है। सूचना मिलते ही न्यायालय प्रशासन और पुलिस विभाग में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

- स्थिति नियंत्रण में न्यायालय का कार्य सामान्य
- अफवाहों से बचें, शांति बनाए रखें : पुलिस की अपील

मामले की गंभीरता को देखते हुए बलौदाबाजार पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और पूरे न्यायालय परिसर की सघन तलाशी अभियान चलाया। बम निरोधक दस्ते की सहायता से हर कोने की बारीकी से जांच की गई, हालांकि जांच के दौरान किसी भी प्रकार की संदिग्ध वस्तु या विस्फोटक सामग्री नहीं मिली।




### जांच में जुटी पुलिस

बलौदाबाजार के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह ने बताया कि धमकी भरे ईमेल की गंभीरता से जांच की जा रही है। साइबर सेल की मदद से ईमेल के स्रोत का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है और न्यायालय का कार्य सामान्य रूप से संचालित किया जा रहा है। पुलिस प्रशासन ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और शांति बनाए रखने की अपील की है।

## युवक पर चाकू से जानलेवा हमला, आरोपी गिरफ्तार

**मुड़पार-सरसींवां**। थाना सरसींवां क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम डुरूमगढ़ में गाली-गलौज करने से मना करने पर एक युवक पर धारदार चाकू से प्राणघातक हमला करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

सरसींवां थाने से मिली जानकारी अनुसार आरोपी नशे में गाली गलौज कर रहा था। जिसे प्रार्थी कांशीराम भारद्वाज 40 वर्ष पिता इंदल निवासी डुरूमगढ़ ने गाली गलौज करने से मना किया, तब ग्राम सोहागपुर के आरोपी यशवंत साहू उर्फ सोनू साहू द्वारा 22 फरवरी को रात्रि करीब 9 काशीराम भारद्वाज पर धारदार चाकू से जान से मारने की नियत से सिर में तथा पीठ में वार किया। चोट से काफी खून बहने लगा, जिसे सरकारी अस्पताल में लाकर भर्ती किया गया। भारद्वाज की रिपोर्ट पर थाना सरसींवा में धारा 109, 296 भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

थाना सरसींवा पुलिस द्वारा आरोपी को तत्काल घेराबंदी कर पकड़कर थाना लाया गया। आरोपी यशवंत साहू ▶▶ शेष पेज 11 पर



## सड़क हादसा में दो पुलिसकर्मियों की मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार/ सिमगा

जिले में हुए भीषण सड़क हादसे ने पूरे पुलिस महकमे को गहरे शोक में डुबो दिया है। हथबंद थाना क्षेत्र के पौसरी मोड़ के पास तेज रफ्तार ट्रेलर की टक्कर से दो युवा आरक्षकों की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, दोनों आरक्षक एक ही बाइक से हथबंद से बलौदाबाजार की ओर आ रहे थे। इसी दौरान पौसरी मोड़ के पास सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रेलर ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि आरक्षक क्रमांक 377 धर्मेंद्र यादव, जो साइबर सेल बलौदा बाजार में पदस्थ थे, की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं आरक्षक क्रमांक 809 प्रशांत धर दीवान, जो थाना हथबंद में पदस्थ थे, को गंभीर अवस्था में अस्पताल ▶▶ शेष पेज 11 पर

### कर्तव्यनिष्ठ और जांबाज कर्मी

साथी प्रधान आरक्षक प्रेम निषाद के अनुसार प्रधान आरक्षक धर्मेंद्र यादव और आरक्षक प्रशांत धर दीवान अपने कार्य के प्रति बेहद सजग और समर्पित थे। जटिल मामलों को सुलझाने में दोनों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। हाल ही में थाना हथबंद क्षेत्र में मिली सिरकटी लाश के आरोपियों को पकड़वाने में दोनों ने अहम योगदान दिया था। इसके अलावा कुछ माह पूर्व बलौदाबाजार जिले में गुम हुए लगभग 60 लाख रुपये मूल्य के मोबाइल फोन को ट्रेस कर बरामद करने में भी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही थी। मिलनसार और सहयोगी स्वभाव के कारण दोनों अपने साथियों के बीच बेहद लोकप्रिय थे। विभाग द्वारा सौंपे गए हर कार्य को वे पूरी जिम्मेदारी और कुशलता से निभाते थे।

### पुलिस अधीक्षक ने जताया शोक

बलौदा बाजार की पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता ने इस घटना को पुलिस परिवार के लिए अत्यंत दुखद बताते हुए कहा कि पूरा बलौदाबाजार पुलिस परिवार दोनों आरक्षकों के परिजनों के साथ खड़ा है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह सहित जिले के तमाम अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी गहरी संवेदना व्यक्त की है। दो होनहार और समर्पित जवानों की असमय मृत्यु ने न केवल उनके परिवारों बल्कि पूरे पुलिस विभाग को झकझोर कर रख दिया है। पुलिस महकमा उन्हें नम आंखों से श्रद्धांजलि दे रहा है

## नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को 20 वर्ष का सश्रम कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

थाना लवन क्षेत्र में नाबालिग बालिका से दुष्कर्म के मामले में विशेष न्यायालय (पॉक्सो) ने दोषी को 20 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने दोषी पर 2,000 रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड अदा नहीं करने की स्थिति में चार माह के अतिरिक्त कठोर कारावास का प्रावधान किया गया है।

- पॉक्सो विशेष न्यायालय का फैसला, दोषी पर अर्थदंड भी लगाया

जानकारी के अनुसार घटना पिछले वर्ष 15 जनवरी दोपहर की है। नाबालिग बालिका खेत की ओर गई थी। परिजनों द्वारा खोजबीन के दौरान उसे एक मकान में पाया गया, जहां उसके साथ दुष्कर्म किए जाने का आरोप है। घटना के बाद परिजनों ने थाना लवन में रिपोर्ट दर्ज कराई।

पुलिस ने आरोपी पंकज नवरंगे निवासी ग्राम रसौटा, थाना पलारी, जिला बलौदाबाजार के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता की धारा 376 (क)(ख), 294 तथा पॉक्सो अधिनियम की धारा 6 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया। घटना के बाद आरोपी फरार हो गया था। पुलिस की लगातार तलाश के बाद उसके तेलंगाना राज्य में होने की सूचना मिली। इसके पश्चात पुलिस टीम ने 1 मार्च 2024 ▶▶ शेष पेज 11 पर

## पंजीकृत श्रमिकों को योजनाओं का लाभ लेने कराना होगा ई-केवायसी

**बलौदाबाजार**। श्रम विभाग के विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ डीबीटी अंतरण के माध्यम से हितग्राहियों के बैंक खाते में किया जा रहा है। योजनाओं का लाभ वास्तविक एवं पात्र श्रमिकों तक सुनिश्चित रूप से पहुंचे, इसके लिए ई-केवाईसी प्रक्रिया लागू की गई है। पंजीकृत सभी, निर्माण, संगठित, असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को अपने पंजीयन का ई-केवायसी पूर्ण करवाना आवश्यक हैं।

- जिले में 8429 श्रमिकों का किया जाना है ई-केवाईसी

श्रम पदाधिकारी सूरज कुमार ने बताया कि वर्तमान में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के राशन कार्ड डाटा का श्रमिक पंजीयन डाटा से मिलान किया जा रहा है, ताकि हितग्राहियों के पहचान की पुष्टि की जा सके। सत्यापन की प्रक्रिया को चरणबद्ध तरीके से संचालित किया जा रहा है। जिन श्रमिकों के आधार कार्ड एवं राशन कार्ड वितरण में समानता पाई जाएगी, उनका सत्यापन प्राथमिकता के आधार पर किया जायेगा। जहां नाम या अन्य विवरण में आंशिक भिन्नता पाई जायेगी। वहां संबंधित अधिकारियों द्वारा भौतिक ▶▶ शेष पेज 11 पर

## जनगणना से पहले अधिकारियों को आधारभूत प्रशिक्षण देने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

16वीं जनगणना 2027 कार्यक्रम अंतर्गत जिले में जनगणना कार्य सुचारु ढंग से सम्पन्न कराने बुधवार को संयुक्त जिला कार्यालय के प्रगति कक्ष में चार्ज अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। जनगणना कार्य दो चरणों में समन्न होगा जो पूरी तरह से डिजिटल होगा।

कार्यक्रम में कलेक्टर दीपक सोनी ने कहा कि प्रशिक्षण को बहुत ही गंभीरतापूर्वक लें ताकि निर्धारित समय पर कार्य सम्पन्न हो सके। उन्होंने कहा कि जनगणना कार्य पूरे देश में एक साथ होगा, जिससे तय समय पर ही कार्य पूरा करना होगा। उन्होंने कहा कि जनगणना के लिये लोगों के बीच जाने पर उन्हें स्पष्ट जानकारी दें कि यह सर्वे केवल डाटा ▶▶ शेष पेज 11 पर



### जनगणना 2027 दो चरणों में

जनगणना कार्यालय की सहायक निदेशक रश्मिता स्वाई ने बताया कि 16वीं जनगणना 2027 दो चरणों में होगी, जिसमें प्रथम चरण मई 2026 में शुरू होगा। प्रथम चरण में मकानों की लिस्टिंग का कार्य होगा। द्वितीय चरण फरवरी 2027 से शुरू होगा, जिसमें विस्तृत रूप से जानकारी डिजिटल फॉर्म में भरे जायेंगे। प्रथम चरण के पूर्व 16 अप्रैल 2026 से स्व गणना पोर्टल के माध्यम से होगा। प्रशिक्षण के दौरान जनगणना की आधारभूत संरचना का निर्माण, जनगणना में उपयोग की जाने वाली प्रक्रियाएं, अवधारणा और परिभाषाएं, सीएमएमएस का परिचय आदि पर विस्तृत जानकारी दी गई।

### 812 आरक्षक सहित 968 जवान मेला स्थल पर थे तैनाती

# गिरौदपुरी मेला की सीसी टीवी से की गई निगरानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

बाबा गुरु घासीदास की तपोभूमि गिरौदपुरी में 22 से 24 फरवरी तक मेले का आयोजन किया गया। इस दौरान मेला में 18 राजपत्रित अधिकारियों सहित 21 निरीक्षक, 51 उनि/सउनि, 66 प्रधान आरक्षक, 812 आरक्षक महिला आरक्षक सहित कुल 968 जवानों को तैनात किया गया था। मेला परिसर में 24 घंटे सतत निगरानी के लिए 80 की संख्या में सीसीटीवी कैमरा लगाये गये थे। इस दौरान मेला परिसर के विभिन्न स्थानों में पुलिस सहायता केंद्र स्थापित किए गए थे, जिनकी मदद से मेला में गुम हुए कुल 32 गुम इंसानों की सकुशल खोजबीन कर उनके परिजनों के सुपुर्द किया गया।

- आपात स्थिति से निपटने के लिए विशेष सुरक्षा व्यवस्था



मेला व्यवस्था के तहत बाहर से आने वाले संदिग्ध व्यक्तियों, बाहर प्रांत से आकर मेला परिसर में ठेला, गुमटी आदि लगाने वाले व्यक्तियों का सर्च स्लिप भरा गया। इस दौरान कुल 79 लोगों का सर्च स्लिप भरा गया। संपूर्ण मेला में समुचित एवं सुगम यातायात व्यवस्था के लिए 20 से अधिक स्थानों में पार्किंग स्थल बनाए गए थे, जिसके तहत इस बार छाता पहाड़ में भी पार्किंग की समुचित व्यवस्था की गई थी। साथ ही गिरौदपुरी चौकी के पीछे के शेरे पंजा स्थल को मुख्य पार्किंग स्थल के रूप में चिन्हित किया गया था। मेला के दौरान किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए 24 घंटे 08 कुशल गोताखोर तैनात किए गए थे, जो की जोंक नदी परिसर एवं गिरौदपुरी ग्राम स्थित मुख्य तालाब में व्यवस्था सुनिश्चित कर रहे थे।

### 24 घंटे तैनात रहीं फायर ब्रिगेड

मेले में 5 फायर ब्रिगेड की गाड़ियां आपातकाल स्थिति से निपटने के लिए 24 घंटे तैनात थी। सूचनाओं के सुगम आदान प्रदान एवं आपसी समन्वय के लिए 100 मैनपेक सेट एवं 30 स्टैटिक सेट व्यवस्था में लगाया गया था। इस वर्ष किसी भी प्रकार की दुर्घटना आदि से बचने के लिए मेला परिसर में 15 से अधिक फिक्स पॉइंट लगाए गए थे। इस वर्ष मेला क्षेत्र में आने वाले पैदल श्रद्धालुओं के लिए अलग से मार्ग बनाया गया था तथा उनमें मजबूत बैरिकेडिंग किया गया था जिससे पैदल मंदिर की ओर गमन करने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की भी परेशानी नहीं हुई।

## हथबंध, सुहेला-रिसदा में यात्री प्रतीक्षालय निर्माण की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

हथबंध, सुहेला और रिसदा क्षेत्र से आने वाले ग्रामीणों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार के नेता प्रतिपक्ष शेख सलमान ने रिसदा रोड पर यात्री प्रतीक्षालय निर्माण की मांग उठाई है। इस संबंध में उन्होंने नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी आशीष तिवारी के समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर समस्या से अवगत कराया।



शेख सलमान ने बताया कि उक्त मार्ग से प्रतिदिन बड़ी संख्या में ग्रामीण अंचल के लोग आवागमन करते हैं। वर्तमान में वहां यात्री प्रतीक्षालय की व्यवस्था नहीं होने के कारण यात्रियों को वाहन की प्रतीक्षा करते समय काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बैठने की समुचित व्यवस्था न होने से लोग सड़क किनारे खड़े रहने या इधर-उधर बैठने को विवश हैं।

उन्होंने कहा कि विशेषकर वृद्धजन, महिलाएं और छात्र-छात्राएं अधिक प्रभावित होते हैं। ऐसे में जनहित को ध्यान में रखते हुए रिसदा रोड पर शीघ्र यात्री प्रतीक्षालय का निर्माण कराया जाना आवश्यक है। नेता प्रतिपक्ष ने नगर पालिका प्रशासन से मांग की है कि क्षेत्रवासियों की सुविधा के लिए प्राथमिकता के आधार पर प्रतीक्षालय निर्माण की स्वीकृति प्रदान की जाए, ताकि ग्रामीणों को राहत मिल सके।

## खबर संक्षेप



### ग्रेनाइट पत्थर की हो रही साफ सफाई

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के शहीद स्मारक में ग्रेनाइट पत्थर लगाया गया, नुकसान से बचाने के लिए आसपास मिट्टी की सफाई कर रहे है। गांव खरोरा में शहीद स्मारक बनाया गया है, जहां देश में शहीद हुए अमर वीर जवानों की स्मृतियां सहेजी गई है।

### सोहम हॉस्पिटल में कल उपलब्ध रहेंगे डॉ सुलभ



**महासमुंद।** स्थानीय सोहम हॉस्पिटल में 27 फरवरी शुक्रवार को सुबह 11 बजे से 1 बजे तक हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ सुलभ चंद्राकर उपलब्ध रहेंगे। जहां बीपी की समस्या, चलने में हाफना, सोने में दर्द या दबाव, डिवाइस क्लोज़र, मधुमेह, पेसमेकर, वाल्वुलोप्लास्टी, उच्च रक्तचाप बीमारी की जांच की जाएगी।

### बैज को राज्यसभा भेजने की मांग की जितेंद्र ने



**पिथौरा (ग्रामीण)।** छत्तीसगढ़ युवक कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव एवं जनपद पंचायत के पूर्व सभापति जितेंद्र सिन्हा ने कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व को पत्र लिखकर छत्तीसगढ़ कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज को राज्यसभा सांसद बनाए जाने की मांग की है। उन्होंने बताया कि यह पत्र कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी तथा राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी को भेजा है।



# छिलपावन-बागबाहरा मार्ग में धूल के गुबार और गड्ढों से लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झलप

विकास के दावों के बीच छिलपावन-बागबाहरा

- सड़क का नवीनीकरण नहीं किया तो आगामी दिनों में जनता का आक्रोश होगा उग्र आंदोलन

मुख्य मार्ग की हालत बद से बदतर हो चुकी है। सड़क पर अब डामर कम और धूल ज्यादा नजर आता है। प्रशासन और विभागीय लापरवाही का खामियाजा क्षेत्र के स्कूली बच्चों, दुकानदारों और राहगीरों को भुगतना पड़ रहा है। लगातार शिकायतों



के बावजूद इस संजीदा मामले में जिम्मेदार मूकदर्शक बने हुए हैं।

### भारी वाहनों के 'शॉर्टकट' ने बिगाड़ी सूरत

इस बदहाली का सबसे बड़ा कारण बागबाहरा की ओर से आने वाले भारी वाहन हैं। टोल टैक्स बचाने और दूरी कम करने के चक्कर में ओवरलोडेड ट्रक और ट्रेलर धड़ल्ले से इस मार्ग का उपयोग कर रहे हैं। क्षमता से अधिक भार के कारण सड़क जगह-जगह से धंस गई है और गहरे गड्ढों में तब्दील हो चुकी है।

### बीमारियों को न्योता देता धूल का गुबार

सबसे बुरा हाल छिलपावन चौक से लेकर बिजली ऑफिस तक का है। यहां से जब भी कोई भारी वाहन गुजरता है, तो धूल के बवंडर के कारण सामने का रास्ता तक दिखाई नहीं देता। सड़क किनारे के व्यापारियों का धंधा चौपट हो रहा है, सामान धूल से पट जा रहे हैं। स्कूल जाने वाले नौनिहाल इसी जहरीली धूल के बीच सफर करने को मजबूर हैं। स्थानीय लोग अब अस्थमा, आंखों में जलन और एलर्जी जैसी सांस संबंधी बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं।

### तस्वीरों में कैद बर्बादी का मंजर

तस्वीरें गवाह हैं कि सड़क पर पैदल चलना भी दूभर हो गया है। जगह-जगह बिखरी गिट्टियां और गड्ढे आए दिन सड़क हादसों को निमंत्रण दे रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि हम दिनभर धूल फांकने को मजबूर हैं। शिकायतें कर थक चुके हैं, लेकिन भारी वाहनों का आना नहीं रुक रहा और न ही सड़क की मरम्मत हो रही है। यदि समय रहते भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक और सड़क का नवीनीकरण नहीं किया गया, तो आने वाले दिनों में जनता का आक्रोश उग्र आंदोलन का रूप ले सकता है।

**विकास कार्य : 50 लाख के विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण**

# बाबा साहब का जीवन संघर्ष, शिक्षा व समानता का प्रतीक: खिलेश्वरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

नगर पालिका परिषद बागबाहरा में

- तेंदूलोथा में बनेगा 34 लाख की लागत से मुक्तिधाम

50 लाख के विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण नगर पालिका अध्यक्ष खिलेश्वरी ताम्रध्वज बघेल के हाथों हुआ। नगरपालिका अध्यक्ष खिलेश्वरी ताम्रध्वजबघेल व पार्षदगण ने विधिवत पूजा अर्चना कर श्रीफल तोड़कर फीता काटकर निर्माण कार्यों का लोकार्पण कर जनता को समर्पित किया।

नगर पालिका अध्यक्ष खिलेश्वरी ताम्रध्वज बघेल ने संबोधित करते हुए कहा कि आज नगर में वार्ड क्रमांक 12 तेंदूलोथा में



मुक्तिधाम 34 लाख, डॉ. भीमराव अंबेडकर मूर्ति स्थापना 19 लाख, कुल 50 लाख से अधिक निर्माण कार्यों का लोकार्पण कर जनता को समर्पित किया गया। नपाध्यक्ष बघेल आगे कहा कि बाबा साहब का जीवन संघर्ष, शिक्षा और समानता का प्रतीक है। उन्होंने समाज के प्रत्येक वर्ग को अधिकार दिलाने के लिए आजीवन कार्य किया। उनकी विचारधारा आज भी समाज को एकजुट करने और आगे बढ़ाने की प्रेरणा देती है। प्रतिमा की स्थापना से नई पीढ़ी को डॉ. अंबेडकर के जीवन और उनके योगदान के बारे में जानने का अवसर मिलेगा। बाबा साहेब जीवन संघर्ष की पाठशाला है और उनकी प्रतिमा समानता, शिक्षा और अधिकारों की प्रेरणा देती रहेगी। अनावरण समारोह के अंत में उपस्थित लोगों ने संविधान निर्माता के आदर्शों को आत्मसात करने और समाज में भाईचारे की भावना को मजबूत करने का संकल्प लिया।

नपाध्यक्ष बघेल ने आगे कहा कि नगर क्षेत्र का बहुमुखी विकास हो रहा है। जनता के हितों को प्राथमिकता के तौर पर शामिल करते हुए उनकी खुशहाली के लिए सतत प्रयास जारी है। इस अवसर पर नपा उपाध्यक्ष देवेश साहू, पार्षद सविता दीवान, शैलेष साहू, प्रीति गुप्ता, रमेश ठाकुर, मंता यादव, मोनिका साहू, मिथुन अमीर, प्रेम साहू, श्यामा चंद्राकर, शिवा जगत, अनिता तांडी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी गिरीश चंद्रा उप-अभियंता दीपक अग्रवाल उपस्थित रहे।

# अमलीडीह में वीबीजी राम जी चौपाल योजनाओं से जुड़ने का दिया संदेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा(ग्रामीण)

पिथौरा मंडल अंतर्गत ग्राम अमलीडीह में वीबीजी राम जी चौपाल का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों की सहभागिता रही। कार्यक्रम का उद्देश्य गांव, गरीब, किसान एवं मजदूर वर्ग तक शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचाना तथा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से जोड़ना रहा।

चौपाल में मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा जिला महासमुंद के प्रवक्ता स्वप्निल तिवारी एवं प्रदेश सह-संयोजक (प्रधानमंत्री धन धान्य प्रकल्प, भाजपा किसान मोर्चा छत्तीसगढ़) अजय डड़सेना उपस्थित रहे। साथ ही युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष विजय नायक ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। वक्ताओं ने वीबीजी राम जी अभियान के उद्देश्य, महत्व और उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए ग्रामीणों से शासन की विभिन्न योजनाओं का अधिकाधिक लाभ लेने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि यह अभियान शासकीय योजनाओं को सीधे ग्रामीणों तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम है। इसके जरिए पात्र हितग्राहियों की पहचान कर उन्हें योजनाओं से जोड़ा जाता है, साथ ही सरकारी सुविधाओं की जानकारी घर-घर तक पहुंचाई जाती है।

चौपाल के माध्यम से ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर उनके समाधान के लिए संबंधित विभागों तक पहुंचाने की पहल भी की जाती है। कार्यक्रम में ग्राम अमलीडीह के सरपंच मिथिलेश कुमार पटेल, उपसरपंच पिंकी ध्रुव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। चौपाल के दौरान ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक योजनाओं की जानकारी प्राप्त की और लाभ लेने की इच्छा जताई।



# शिशु संस्कार केंद्र के छात्रों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शिशु संस्कार केंद्र के कक्षा तीसरी से आठवीं तक के लगभग 200 विद्यार्थियों को एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। विद्यार्थियों को नया रायपुर शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, लोटस मंदिर, फ्रीडम फाइटर म्यूजियम एवं शहीद वीर नारायण सिंह स्मारक का भ्रमण कराया गया। भ्रमण के दौरान बच्चों ने स्वतंत्रता संग्राम का इतिहास, महान स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान तथा आदिवासी जन-जीवन को जीवंत मूर्तियों एवं प्रदर्शनी के माध्यम से प्रत्यक्ष रूप से समझा। यह शैक्षणिक यात्रा विद्यार्थियों के ज्ञानवर्धन के साथ-साथ उनके भीतर देशभक्ति, सामाजिक चेतना एवं सांस्कृतिक समझ विकसित करने में सहायक रही। इस आयोजन में विद्यालय की समस्त शिक्षिकाओं का सराहनीय सहयोग रहा। बच्चों ने पूरे अनुशासन एवं उत्साह के साथ कार्यक्रम में भाग लिया।

# तेंदूपत्ता शखकर्तन प्रशिक्षण कार्यशाला का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

सरायपाली-बसना परिक्षेत्र के अंतर्गत वन कैंपस सरायपाली में तेंदूपत्ता सीजन वर्ष 2026 के लिए तेंदूपत्ता शाखकर्तन प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथिगण प्रमोद कुमार चंद्राकर अध्यक्ष एवं अमर नाग उपाध्यक्ष जिला यूनियन लघु वनोपज सहकारी संघ मर्या. महासमुंद एवं जेआर बंजारे उप प्रबंध संचालक जिला लघु वनोपज महासमुंद, उदय राम बसंत संयुक्त वनमंडलाधिकारी, प्रत्यूष टांडेय परिक्षेत्र अधिकारी समस्त प्रबंधक / समस्त पोषक अधिकारी, फड़ मुंशी सरायपाली/बसना परिक्षेत्र एवं समस्त अधिकारी, कर्मचारी, सुरक्षा श्रमिक, फायर वाचर मौजूद रहे। माता सरस्वती की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। लघु वनोपज तेंदूपत्ता (हरा सोना) संग्रहण के लिए बसंत ऋतु में तेंदूपत्ता के संग्राहकों द्वारा



तेंदूपत्ता शाखकर्तन का कार्य प्रति वर्ष किया जाता है। शाखकर्तन में सही नियम का पालन कर शाखकर्तन कटाई करने से उच्च गुणवत्ता के तेंदूपत्ता का संग्रहण किया जाता है। जिसके लिए कार्यशाला में अतिथियों द्वारा अपने अनुभव साझा करते हुए तेंदूपत्ता शाखकर्तन एवं अग्नि सुरक्षा के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

### दीपक बने सिविल जज



**महासमुंद।** प्रतिभा, परिश्रम और निरंतर समर्पण की मिसाल दीपक कुमार चंद्राकर का सिविल जज पद पर चयन हुआ है। उनकी इस उल्लेखनीय उपलब्धि से परिवार सहित क्षेत्र में हर्ष का वातावरण है। वर्तमान में रायपुर में सहायक लोक अभियोजन अधिकारी के रूप में कार्यरत दीपक कुमार चंद्राकर, चंद्रिका प्रसाद चंद्राकर एवं प्रेमलता चंद्राकर के सुपुत्र हैं। उनका परिवार मूलतः महासमुंद से जुड़ा हुआ है। उन्होंने अपनी स्कूली शिक्षा बीएसपी सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर 4 भिलाई से 12वीं तक पूर्ण की। इसके बाद उन्होंने हिदायतुलाह नेशनल यूनिवर्सिटी रायपुर से बीए, एलएलबी (ऑनर्स) की डिग्री प्राप्त कर विधि शिक्षा पूरी की। पढ़ाई पूर्ण होते ही उनका चयन रायपुर में लोक अभियोजन विभाग में हो गया, जहां वे सहायक लोक अभियोजन अधिकारी के रूप में सेवाएं दे रहे हैं। हाल ही में आयोजित सिविल जज परीक्षा में उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 28वां रैंक हासिल किया और सिविल जज पद पर चयनित हुए। इस सफलता से उनके माता-पिता एवं परिजनों का नाम गौरवान्वित हुआ है। उनकी इस उपलब्धि पर परिजनों, मित्रों और शुभचिंतकों ने हर्ष जताया है।



### कन्या कॉलेज में राष्ट्रीय स्तर पर पांच दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम आयोजित

**महासमुंद।** शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय द्वारा आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में राष्ट्रीय स्तर के पाँच दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान के सहयोग से 24 से 28 फरवरी तक हाइब्रिड माध्यम में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शिक्षा, शोध, नीति-निर्माण एवं प्रशासनिक नेतृत्व के क्षेत्र में लैंगिक समानता को बढ़ावा देना, समावेशी एवं सुरक्षित शैक्षणिक वातावरण का निर्माण करना तथा महिलाओं एवं वंचित वर्गों की निर्णय-निर्माण प्रक्रियाओं में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है। प्रथम सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में सेवानिवृत्त प्राध्यापक अंजना रानी, लोक प्रशासन विभाग, महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक (हरियाणा) ने व्याख्यान प्रस्तुत किया। उनका व्याख्यान विषय था महिला एवं डिजिटल समावेशन : निर्णय निर्माण और प्रौद्योगिकी में बढ़ती समानता। कार्यक्रम का संचालन डॉ सरस्वती वर्मा एवं आभार प्रदर्शन डॉ स्वेतलाना नागल ने किया। कार्यक्रम में अतिथि व्याख्याताओं, जनभागीदारी शिक्षकों एवं महाविद्यालयीन अशैक्षणिक स्टॉफ गुप्तेश नामदेव, उमा साहू, डॉ लोकनाथ तारक, डॉ चित्रलेखा साहू, डॉ हेमेंद्र साहू, डॉ संजय कुमार वर्मा, दूलामणि रौतिया, प्रेरणा कापसे, पूजा साहू, चमन आडिले, संतराम मन्नाडे, रामकृष्ण साहू, अश्वनी कुमार लोधी, अहिल्या लहरे, मनीष बंजारे, विनोद बंजारे तथा कामिन निषाद का उल्लेखनीय योगदान रहा।

**किसान मुकेश कमा रहे हैं एक पेड़ से 3 हजार रुपए वार्षिक आय**

# ऑयल पाम की खेती, एक एकड़ में सवा लाख का मुनाफा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पाम ऑयल उत्पादन में किसानों को आत्मनिर्भर बनाने, आयात पर निर्भरता कम करने तथा किसानों की आय में वृद्धि के उद्देश्य से संचालित नेशनल मिशन ऑन एडिबल ऑयल -ऑयल पाम योजना महासमुंद जिले के किसानों के लिए वरदान सिद्ध हो रही है। इस योजना के माध्यम से किसान अपनी बंजर भूमि को उपजाऊ बनाकर लाखों रुपए की वार्षिक आय अर्जित कर रहे हैं और अन्य किसानों के लिए प्रेरणास्त्रोत बन रहे हैं। जिले में इस योजना तहत लगभग 400 किसान लगभग 450 हेक्टेयर क्षेत्र में ऑयल पाम की खेती कर रहे हैं।

इसी क्रम में सरायपाली भलेसर गांव के



उन्नत किसान मुकेश चंद्राकर, जिन्होंने वर्षों से बंजर पड़ी अपनी 33 एकड़ भूमि पर वर्ष 2016 में ऑयल पाम की खेती प्रारंभ की। वे शासन की योजना से पाम खेती के लिए प्रेरित हुए और अपनी पूरी भूमि पर लगभग 1900 पौधे लगाए। योजना के अंतर्गत उन्हें पौध प्रदाय, फेंसिंग, रखरखाव तथा ड्रिप सिंचाई जैसी सुविधाएं अनुदान पर मिला। तीन से चार वर्षों में उत्पादन प्रारंभ हुआ, जो लगभग 35 वर्षों तक लगातार फल देता रहेगा। वर्तमान में मुकेश एक पौधे से औसतन 3000 रुपये वार्षिक आय अर्जित कर रहे हैं। प्रति एकड़ लगभग 1 लाख 25 हजार रुपये की आय प्राप्त हो रही है। इसके अतिरिक्त, उन्होंने पाम पौधों के बीच अंतरवर्तीय फसल के रूप में पहले केले की खेती की, जिससे उन्हें लगभग डेढ़ लाख रुपए का लाभ हुआ। वर्तमान में वे कोको की खेती कर निजी कंपनियों को उत्पाद विक्रय कर रहे हैं, जिससे उन्हें अतिरिक्त आय प्राप्त हो रही है।

चंद्राकर बताते है कि कम पानी, कम खाद एवं कम कीटनाशक में अधिक उत्पादन और बेहतर लाभ मिलने के कारण किसानों को पाम की खेती अपनानी चाहिए। चंद्राकर न केवल आत्मनिर्भर बने हैं, बल्कि अपने खेतों में दो दर्जन से अधिक लोगों को स्थायी रोजगार भी प्रदान कर रहे हैं। स्थानीय मजदूरों के अनुसार, पहले रोजगार के लिए भटकना पड़ता था, जबकि अब वर्षभर यहीं नियमित कार्य उपलब्ध हो रहा है।

गौरतलब है कि खाद्य पदार्थों, साबुन, शैंपू, सौंदर्य प्रसाधन तथा औषधि निर्माण में इसका व्यापक उपयोग होता है। ऐसे में जिले में कम लागत, कम श्रम, कम पानी एवं अधिक आय देने वाली पाम खेती किसानों की आर्थिक स्थिति में सकारात्मक परिवर्तन ला रही है। यह पहल फसल चक्र परिवर्तन को बढ़ावा देने के साथ-साथ आत्मनिर्भरता की दिशा में एक सशक्त कदम सिद्ध हो रही है।

# जिला खनिज संस्थान न्यास अंतर्गत प्रबंधकारिणी समिति की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कलेक्टर एवं जिला खनिज न्यास के अध्यक्ष विनय कुमार लंगेह की अध्यक्षता में जिला खनिज संस्थान न्यास की प्रबंधकारिणी समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में हुई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ एवं पदेन सचिव, जिला खनिज संस्थान न्यास हेमंत नंदनवार, अपर कलेक्टर सचिन भूतड़ा, रवि साहू एवं सदस्यगण सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में छत्तीसगढ़ राजपत्र के अंतर्गत संशोधित छत्तीसगढ़ जिला खनिज संस्थान न्यास नियम, 2015 (संशोधन 2025) के प्रावधानों के अनुसार प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित क्षेत्रों की अद्यतन सूची तैयार करने पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में न्यास की आय-व्यय की स्थिति की समीक्षा करते हुए वित्तीय वर्ष 2024-25 के लेखा परीक्षण प्रतिवेदन एवं उसके पालन प्रतिवेदन पर विचार-विमर्श किया गया। साथ ही न्यास द्वारा स्वीकृत कार्यों के उपयोगिता प्रमाण पत्र शीघ्र प्रस्तुत करने तथा अपूर्ण कार्यों की शेष राशि ब्याज सहित न्यास में वापस करने के निर्देश दिए गए। निरस्त किए गए कार्यों से संबंधित राशि की वसूली की प्रक्रिया को भी तेज करने पर सहमति बनी। इसके अलावा वित्तीय वर्ष 2025-26 के त्रैमासिक प्रतिवेदन की समीक्षा करते हुए वर्ष 2024-25 की ऑडिट रिपोर्ट के अनुमोदन पर चर्चा की गई। कलेक्टर लंगेह ने कहा कि डीएमएफ की राशि का उपयोग पूरी पारदर्शिता एवं नियमों के अनुरूप खनन प्रभावित क्षेत्रों के विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल एवं बुनियादी सुविधाओं के विस्तार के लिए किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को समयबद्ध ढंग से कार्य पूर्ण करने, लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने तथा सभी आवश्यक दस्तावेज समय पर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

## खबर संक्षेप

### बजट में प्रदेश को संवारने का है संकल्प

**सिमगा।** वरिष्ठ भाजपा नेता अनिल पांडे ने बजट पर कहा कि यह संकल्प इरादों का, कुछ कर गुजरने का व प्रदेश के अंतिम व्यक्ति तक मुस्कान पहुंचाने का बजट है।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प का छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव के सुशासन का और छत्तीसगढ़ के अंतिम व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान लाने का बजट है। उन्होंने कहा कुछ तो लोग कहेंगे लोगों का काम है कहना कांग्रेस के पास आलोचना के अलावा कुछ भी नहीं है। हर अच्छे कार्यों का विरोध कांग्रेस करती है लेकिन छत्तीसगढ़ की जनता ट्रिपल इंजन के सरकार को अपने दिल में बिठा कर रखी है और वह जानती है प्रदेश का अगर कोई विकास कर सकता है तो वह भारतीय जनता पार्टी है वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री विष्णु देव साय है।

### प्रदेश में विकास व खुशहाली वाला बजट

**खरोरा।** प्रस्तुत बजट पर नगर भाजपा नेता व प्रदेश कार्य समिति के सदस्य डॉ. अमीन खान ने कहा कि छत्तीसगढ़ के सर्वांगीण विकास



ग्रामीण शहरी क्षेत्र संतुलित विकास पर जोर दिया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व वाली सरकार का तीसरा बजट प्रदेश के माननीय वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने बजट प्रस्तुत किया। वित्त मंत्री ने कई सुधारों की नई पहल की है, प्रदेश में विकास की रफ्तार में तेजी आई है प्रदेश के युवाओं के कौशल विकास पर ध्यान दिया गया है, जिसमें युवा रोजगार से जुड़ सकें देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक विकसित भारत के संकल्प सबका साथ सबका विकास पर केंद्रित है।

### चखना ठेला संचालकों पर कार्रवाई

**महासमुंद।** चखना ठेला में शराब पीने पिलाने की सुविधा उपलब्ध कराने वालों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई की है। कोतवाली पुलिस को सूचना मिली थी कि बम्हनी शराब दुकान के पास दो लोग अपने चखना ठेला में लोगों को शराब पीने की सुविधा उपलब्ध करा रहे हैं। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने पूछताछ की जिस पर उन्होंने अपने नाम नाम पीतांबर सिन्हा पिता श्रवण सिन्हा (42 साल) निवासी नवागांव थाना गोबरा नयापारा जिला रायपुर और गोकुल ध्रुव पिता राधु ध्रुव (43 साल) निवासी नवागांव थाना गोबरा नयापारा जिला रायपुर का निवासी होना बताए।

## राधाकृष्ण गौसेवा संस्थान में आयोजित तीन दिवसीय दुर्लभ सत्संग का समापन

# भक्ति और शरणागति से ही प्रभु का बोध होता है स्पष्ट : विजय गिरी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶। बलौदाबाजार**

नगर के सिविल लाइन स्थित राधाकृष्ण गौसेवा संस्थान (गौशाला) में आयोजित तीन दिवसीय दुर्लभ सत्संग समारोह का भव्य समापन हुआ। समापन दिवस पर ऋषिकेश से पधारे सुप्रसिद्ध प्रवचनकर्ता स्वामी विजयानंद गिरी महाराज ने श्रद्धालुओं को भक्ति और शरणागति का मार्ग बताया।



उन्होंने कहा कि हे नाथ, हे मेरे नाथ, मैं आपको भूलूं नहीं, इस दृढ संकल्प के साथ व्यक्ति भगवान से जुड़ जाता है तो निश्चित ही भगवान उनके हो जाते है। भगवान के शरण में जाने से व्यक्ति निश्चिंत हो जाता है और चिंता मुक्त भी हो जाता है। जीवन का अंतिम स्वीकार हैं भगवान के प्रति शरणागत हो जाना हैं। लक्ष्य से साधक को कभी निराश नहीं होना चाहिए बस शर्ते लक्ष्य मिलने की उत्सुकता होनी चाहिए। जिस तरह से भगवान से मिलने के लिए बेचैन हो जाने से भगवान मिल जाता है।

प्रवचनकर्ता स्वामी विजयानंद गिरी महाराज ने कहा कि भगवान कण कण मे हैं वे तो प्रेम से ही प्रकट हो जाते है लेकिन वर्तमान में प्रेम सांसारिक वातावरण में समाहित हो गया है। मानव जीवन मिलता हैं श्रेष्ठ कार्य करने के लिए लेकिन कार्य के पीछे स्वार्थ छिपा हुआ है तो वह कर्म का फल नाशवान होता हैं। वहीं संसार का मोह छोडे बिना भगवान नहीं मिलता क्योंकि भगवान को अपना नहीं मानोगे तो मिलेगा नही। भगवान दिखाई देता हैं पर मानते नही हैं चूंकि वे साक्षात देखना चाहते है पर मान लों तो निश्चित दिखेगा। वास्तव में भगवान सच्चिदानंद का रूप हैं। इन्होने कहा कि विश्वास में जो व्यक्ति विचार लगा दिया वह अंधविश्वास है। इन्होने कहा कि जो भगवान का रूप आपको अच्छा लगता हैं उसी को अपना भगवान मान लेना चाहिए। वह ईश्वर के रूप में आपको मिल जायेगा क्योकि भगवान की सेना में दृष्टि डालने से महान लोग शामिल होकर अपना उद्धार कर लिया है। इन्होने भगवान की महिमा एवं मनुष्य की महिमा का भी अनेक उदाहरण भी प्रस्तुत किया। भगवान जानने का नहीं बल्कि मानने का है क्योकि ठाकुर जी हमे मानते भी है और जानते भी है। इन्होने एक उदाहरण देते हुए कहा कि गुरू भगवान का बाप हो सकता हैं लेकिन भगवान नहीं हो सकता। वर्तमान में लोग अपने 60 वर्ष के उम्र में भी जन्मदिन मनाकर हजारो लाखो रूपया खर्च करता हैं लेकिन उन्हे यह सोचना चाहिए की 60 वर्ष की जिंदगी आज चला गया और अंतिम उम्र के पड़ाव आने पर रोना चाहिए और भगवान भक्ति में लग जाना चाहिए। इन्होने यह भी कहा कि व्यक्ति को लक्ष्य की प्राप्ति के लिए निराश नहीं होना चाहिए क्योंकि अगर लगन हैं तो एक दिन लक्ष्य की प्राप्ति अवश्य होगी।

इस अवसर पर छ.ग. शासन के गौ सेवा आयोग अध्यक्ष बिशेषर पटेल, श्याम शुक्ला, सुशील तिवारी, डा. रामचंद पटेल, रामकुमार पटेल, डा. राघेश्याम पटेल, आयोजन समिति के टेसूलाल धुरधंर, जागेश्वर पटेल, नागेश्वर पटेल, दीपक पटेल, रामाधार पटेल, पुनीत राम वर्मा, डॉ. दिनेश वर्मा, मोहन वर्मा, शत्रुहन लाल यादव, छत्तर सिंह ध्रुव, नरेश सिरमोर, अश्वनी पटेल सहित काफी संख्या में महिला पुरुष श्रोतागण उपस्थित थे।

# साय सरकार के बजट ने गांव गरीब और किसान को ठगा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶। बलौदाबाजार**

छत्तीसगढ़ की साय सरकार का बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए जिला कांग्रेस बलौदाबाजार अध्यक्ष सुमित्रा धृतलहरे ने कहा कि इस बजट ने सभी वर्ग को निराश किया है। सरकार बड़े बड़े कागजी दावे करती है, मगर दुर्भाग्य से सरकार पिछले साल के बजट का लगभग 30



प्रतिशत बजट खर्च ही नहीं कर पाई, जो इनकी विकास की कमजोरी बताता है।

जिला अध्यक्ष ने कहा कि साय सरकार सिर्फ नाम बदलने में माहिर है। पहले बजट को गति का बजट नाम दिया जिसका हाल जनता देख चुकी है, फिर दूसरे बजट को ज्ञान का बजट नाम दिया और ज्ञान के नाम पर सिर्फ अज्ञानता ही फैलाई गई। अब साय सरकार ने बजट को संकल्प नाम दिया है, मगर इसके लिए भी कोई ठोस योजना नहीं बनाई गई है।

सुमित्रा धृतलहरे ने कहा कि सरकार अपने चुनावी वादे ही पूरा नहीं कर पाई है। आज सड़क पर अपनी मांगों को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, रसोइये, शिक्षक, स्वास्थ्य कर्मी है उनके लिए भी कोई योजना बजट में नहीं है। शिक्षा स्वास्थ्य रोजगार महिला सशक्तिकरण किसान मजदूर के लिए भी सरकार के पास कोई ठोस नीति नहीं है। आज स्कूल कालेज बंद हो रहे हैं मगर मदिरालय धड़ल्ले से खुल रहे हैं। अब तो तीज त्योहार में भी साय सरकार शुष्क दिवस बंद कर रही है, जिससे शराब आसानी से मिल सके।

### गरीब और किसानों के लिए बजट में कुछ नहीं

**बलौदाबाजार।** आम आदमी पार्टी जिला बलौदाबाजार के जिला अध्यक्ष भुनेश्वर सिंह डहरिया ने बजट पर प्रतिक्रिया जारी करते हुए कहा कि यह बजट आम जनता के लिए नहीं, बल्कि बड़े उद्योगपतियों को लाभ पहुंचाने वाला है। गरीब और किसान के लिए बजट में कुछ नहीं है। महंगाई कम करने, युवाओं को रोजगार देने और किसानों की मदद के लिए बजट में कोई विशेष प्रावधान नहीं किया गया है। बजट में स्व रोजगार और शासकीय रोजगार के मुद्दों पर कोई स्पष्ट योजना नहीं है। बजट में अनुसूचित



### किसान, महिलाओं, युवाओं के लिए कुछ भी नहीं

**सिमगा।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सिमगा के अध्यक्ष रिंकू भाटिया ने बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा की छत्तीसगढ़ सरकार का बजट 2026 आम जनता की उम्मीदों पर पूरी तरह खरा नहीं उतरता। यह बजट सिर्फ आंकड़ों और घोषणाओं का पुलिंदा है, जबकि जमीनी सच्चाई यह है कि प्रदेश का किसान परेशान है। युवा रोजगार के लिए भटक रहे हैं, महिलाएं महंगाई से परेशान हैं और आम परिवार रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करने में जूझ रही है। किसानों के लिए खाद-बीज की उपलब्धता, सिंचाई सुविधाओं और फसल बीमा पर कोई ठोस और भरोसेमंद योजना सामने नहीं लाई गई। ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क, बिजली, पेयजल, स्वास्थ्य केंद्र और स्कूलों की स्थिति बदहाल है लेकिन बजट में इन बुनियादी जरूरतों को प्राथमिकता नहीं दी गई। प्रदेश में बेरोजगारी लगातार बढ़ रही है। युवाओं के लिए स्थायी रोजगार, तकनीकी प्रशिक्षण को बढ़ावा देने की दिशा में सरकार की मंशा इस बजट में साफ नजर नहीं आती।



# पोश एक्ट पर जागरूकता कार्यशाला आयोजित

**हरिभूमि न्यूज ▶▶। बलौदाबाजार**

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में पोश एक्ट कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण अधिनियम विषय पर स्पीक अप थीम के अंतर्गत विशेष जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन शासकीय दाऊ कल्याण कला, वाणिज्य, विज्ञान एवं विधि स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बलौदाबाजार में किया गया। यह कार्यशाला प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बलौदाबाजार अब्दुल जाहिद कुरैशी के निर्देशन में तथा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अमिता जायसवाल के मार्गदर्शन में संपन्न हुई।कार्यशाला में सचिव अमिता जायसवाल ने बताया कि कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध एवं प्रतितोष) अधिनियम, 2013 के तहत सभी शासकीय, अशासकीय एवं निजी संस्थानों में आंतरिक परिवाद समिति का गठन अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि कई संस्थानों में समितियां गठित है, किंतु उसके कार्यप्रणाली, शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया तथा अधिनियम के दायरे में आने वाले कृत्यों के संबंध में पर्याप्त जानकारी का अभाव है।

कार्यशाला में विस्तार से बताया गया कि कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न की परिभाषा क्या है, शिकायत किस प्रकार की जा सकती है और पीड़ित पक्ष के क्या अधिकार हैं। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया कि अधिकारों के दुरुपयोग की स्थिति में संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध भी विधि सम्मत कार्रवाई की जा सकती है।

### दंडात्मक प्रावधानों की जानकारी

सचिव द्वारा बताया गया कि लैंगिक उत्पीड़न के मामलों में दंड विधि के तहत कार्रवाई के साथ-साथ सिविल सेवा आचरण नियमों के अंतर्गत भी विभागीय कार्यवाही की जा सकती है। कार्यशाला के दौरान उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया गया।

### शॉर्ट फिल्म प्रतियोगिता हेतु प्रेरित किया

कार्यक्रम में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित शॉर्ट फिल्म एवं रील्स प्रतियोगिता की जानकारी भी दी गई। विद्यार्थियों को बताया गया कि विधि विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों एवं विधि शाखा के छात्र-छात्राएं उक्त विषय पर शॉर्ट फिल्म बनाकर सहभागिता कर सकते हैं। चयनित प्रविष्टियों का डिजिटल माध्यम से प्रसारण किया जाएगा तथा विजेताओं को पुरस्कृत भी किया जाएगा।

# छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स ने बैठक में लिए कई निर्णय

**हरिभूमि न्यूज ▶▶। बलौदाबाजार**

छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स की बलौदाबाजार इकाई की नवीन कार्यकारिणी की प्रथम बैठक सिंधी समाज धर्मशाला में आयोजित की गई। बैठक संरक्षकगण विपिन बिहारी वर्मा, महेंद्र वर्मा, रामगोपाल केशरवानी, अशोक पंजवानी, हेमचंद केसरवानी, चेंबर अध्यक्ष लक्ष्मी साहू, महामंत्री शिव प्रकाश तिवारी, कोषाध्यक्ष लक्ष्मेंद्र अग्रवाल तथा विशेष सलाहकार अभिषेक मिकी तिवारी के नेतृत्व में संपन्न हुई।

- सदस्यता, शपथ ग्रहण व संगठन विस्तार पर दिया जोर





बैठक में बलौदाबाजार जिले के व्यापारियों की उपस्थिति में संगठन को सुदृढ़ बनाने एवं सदस्यता संबंधी विषयों पर विस्तृत चर्चा करते हुए निर्णय लिया गया कि 3500 रुपये की आजीवन सदस्यता रायपुर स्थित चेंबर कार्यालय के माध्यम से की जाएगी। सदस्यता अभियान को व्यापक बनाते हुए स्थानीय व्यापारियों को जोड़ने तथा चेंबर ऑफ कॉमर्स संगठन को मजबूत करने का निर्णय लिया गया। नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण कार्यक्रम रायपुर चेंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा समय एवं स्थान निर्धारित होने पर आयोजित किया जाएगा। स्थानीय स्तर पर कार्यक्रम एवं अन्य व्यय के लिए पूर्ववत 500 रुपये प्रतिवर्ष शुल्क लिया जाएगा। नई कार्यकारिणी के नाम एवं संपर्क नंबर का पंपलेट छपवाकर व्यापारियों के बीच वितरित किया जाएगा। सभी सदस्यों की सूची तैयार की जाएगी, जिसमें फर्म का नाम, प्रोप्राइटर का नाम एवं मोबाइल नंबर निर्धारित प्रारूप में अंकित किया जाएगा।

बैठक में मीडिया प्रभारी दलजीत सिंह चावला एवं दिलीप माहेश्वरी, चेंबर के पूर्व कोषाध्यक्ष महेश अग्रवाल, संजयनारायण केशरवानी, लक्ष्मीनारायण केशरवानी आदि उपस्थित थे।

# प्रदेश के सर्वांगीण विकास का रोडमैप है बजट

**खरोरा।** जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा रश्मि वर्मा ने बजट को प्रदेश के सर्वांगीण विकास का मजबूत रोडमैप बताया है। उन्होंने कहा है कि इसे गांव, गरीब, किसान, महिला और युवाओं को केंद्र में रखकर तैयार किया गया है।



1.72 लाख करोड़ का यह बजट शिक्षा, स्वास्थ्य, अधोसंरचना, कृषि और रोजगार जैसे मूल क्षेत्रों को नई गति देगा। नर्सिंग कॉलेजों की स्थापना, नए महाविद्यालय भवन, सड़क योजना, आवास योजना और मितानिन कल्याण निधि जैसे प्रावधान आमजन को सीधे लाभ पहुंचाने वाले हैं। महिलाओं से जुड़ी योजनाएं महिला सशक्तिकरण को नई दिशा देंगी।

### संकल्प थीम पर रहा छत्तीसगढ़ का बजट

**लवन।** भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सनम जांगड़े ने कहा साय सरकार का तीसरा बजट ज्ञान और गति के बाद संकल्प के थीम पर आधारित है। 1 लाख 72 हजार करोड़ रुपए बजट पेश राज्य बनने के बाद छत्तीसगढ़ का बजट 35 गुना बढ़ गया है। छत्तीसगढ़ निर्माण के बाद पांच हजार करोड़ का बजट अब 35 गुना बढ़कर 1 लाख 72 हजार करोड़ पहुंच गया है।



# औद्योगिक विकास और बेरोजगारी पर विधायक कविता ने उठाए सवाल

**हरिभूमि न्यूज ▶▶। बिलाईगढ़**

विधानसभा क्षेत्र में औद्योगिक विकास और स्थानीय रोजगार के मुद्दे को लेकर विधायक कविता प्राण लहरे ने विधानसभा बजट सत्र तीसरा दिन जोरदार तरीके से आवाज उठाई। वाणिज्य एवं उद्योग विभाग से जुड़े प्रश्न से उन्होंने क्षेत्र में उद्योगों की स्थिति, फूड पार्क की स्थापना, इंडस्ट्रियल पार्क की योजना तथा युवाओं को स्वरोजगार योजना के तहत मिले लाभ पर विस्तृत जानकारी मांगी।

उद्योगों की वास्तविक स्थिति उजागर सरकार की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र में वर्तमान में कुल 60 उद्योग पंजीकृत हैं, जिनमें 15 सूक्ष्म और 45 लघु उद्योग शामिल हैं।



विधायक लहरे ने इसे क्षेत्र की संभावनाओं की तुलना में बेहद कम बताते हुए औद्योगिक विस्तार की आवश्यकता पर बल दिया।

एग्रो-प्रोसेसिंग और राइस मिल क्लस्टर पर सरकार की चुप्पी विधायक ने क्षेत्र में 'एग्रो-प्रोसेसिंग यूनिट' या 'राइस मिल क्लस्टर' स्थापित करने की योजना के बारे में पूछा, लेकिन सरकार ने स्पष्ट किया कि ऐसी कोई योजना प्रस्तावित नहीं है। कृषि प्रधान क्षेत्र होने के बावजूद इस तरह की पहल न होना स्थानीय किसानों और युवाओं के लिए निराशाजनक माना जा रहा है।

इंडस्ट्रियल पार्क के नाम पर प्रक्रिया जारी सरकार ने बताया कि बिलाईगढ़ क्षेत्र में दो स्थानों पर इंडस्ट्रियल पार्क के लिए भूमि चयनित की गई है तथा तीन स्थानों पर चिन्हांकन की प्रक्रिया जारी है। ग्राम माटिया (10.125 हे.) और अलीकुद (24.103 हे.) में फूड पार्क एवं औद्योगिक प्रयोजन हेतु भूमि चिन्हित की गई है। वहीं भटगांव क्षेत्र के धाराशीव, सिंघिचुवा और रिकोटार में कुल 136.730 हेक्टेयर भूमि औद्योगिक उपयोग के लिए प्रस्तावित है।

विधायक लहरे ने इन प्रस्तावों की धीमी प्रगति पर चिंता जताते हुए कहा कि केवल भूमि चिन्हांकन से विकास नहीं होगा, बल्कि धरातल पर उद्योग स्थापित होना आवश्यक है।

युवा स्वरोजगार योजना में शून्य उपलब्धि सबसे अहम तथ्य यह रहा कि विगत तीन वर्षों में 'मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना' के तहत बिलाईगढ़ क्षेत्र के एक भी युवक को उद्योग स्थापना हेतु ऋण या अनुदान प्राप्त नहीं हुआ।

# उपभोक्ता आयोग ने स्कूटी मरम्मत और 10 हजार रुपए क्षतिपूर्ति का दिया आदेश

**हरिभूमि न्यूज ▶▶। बलौदाबाजार**

ओला इलेक्ट्रानिक बाईक शो -रूम द्वारा स्कूटी को सुधार कर प्रदाय नहीं किये जाने के कारण उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग बलौदाबाजार द्वारा शो -रूम को सेवा में कमी का दोषी मानते हुए उपभोक्ता के वाहन का मरम्मत कर उसके पूर्ण संतुष्टि में प्रदाय करने आदेशित किया है। संतुष्टिपूर्ण मरम्मत नहीं करने की दशा में वाहन का वर्तमान मूल्य अदा किये जाने आदेश पारित किया है।

जानकारी के अनुसार घनेश्वर साहू निवासी बलौदाबाजार द्वारा अक्टूबर 2023 में अनावेदक ओला इलेक्ट्रिक बाईक शो -रूम लवन रोड बलौदाबाजार से एक स्कूटी ओला इलेक्ट्रानिक, एच.डी.एफ.सी. बैंक के माध्यम से फायनेंस कराया था। अप्रैल 2024 में उक्त वाहन में स्टार्टिंग समस्या प्रारंभ हुई जिसे शो रूम द्वारा सुधार कर दिया गया, उपरांत के दिनांकों में पुनः समस्यायें आने लगी एवं अगस्त 2024 को वाहन बंद हो गया।

- वाहन सुधार में लापरवाही और टालमटोल के आरोप

जिसे शो रूम के पास सुधार हेतु दिया गया, परंतु वहां वाहन को कभी रायपुर तो कभी अन्यत्र भेज दिये जाने का कथन एवं बहानेबाजी करते हुए वाहन को सुधार कर नहीं दिया गया, जिससे आवेदक द्वारा जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग बलौदाबाजार में वाद दायर किया। आयोग के अध्यक्ष छमेश्वर लाल पटेल एवं सदस्यगण हरजीत सिंह चांवला व शारदा सोनी ने पेश दस्तावेजों एवं संबंधित नियम शर्तों आदि का सूक्ष्मता से अध्ययन किया और अनावेदक ओला इलेक्ट्रानिक बाईक शो -रूम, लवन रोड बलौदाबाजार को सेवा में कमी का दोषी मानते हुये आवेदक को वाहन मरम्मत कर आवेदक की पूर्ण संतुष्टि में आदेश दिनांक से 45 दिवस के भीतर प्रदाय करने एवं वाहन प्रदाय न करने की दशा में वाहन की वर्तमान मूल्य आदेश दिनांक से 45 दिवस के भीतर किये जाने सहित मानसिक एवं आर्थिक क्षति हेतु राशि 7000 तथा वाद-व्यय हेतु 3000 रुपये आवेदक को प्रदाय किये जाने का आदेश पारित किया गया है।

## पेज 9 के शेष

### पुलिसिंग में पारदर्शिता...

गए तथ्यों के आधार पर पुलिस कार्यालय द्वारा उक्त बिंदुओं में और अधिक सुधार लाने हेतु संबंधित थाना एवं चौकी प्रभारी को निर्देशित किया जाएगा, जिससे उक्त कार्य में और अधिक सुधार एवं निपुणता आएगी। इसके साथ ही फीडबैक फॉर्म के माध्यम से पुलिस के व्यवहार, जवाब एवं सर्विस क्वालिटी में कमियों की पहचान करने में भी आसानी होगी।

### युवक पर चाकू से ...

उर्फ सोनू साहू पिता नारायण साहू 21 साल साकिन सोहागपुर चौकी बेलादुला थाना सरसींवा से पूछताछ करने पर मारपीट करना स्वीकार किया। घटना में प्रयुक्त धारदार चाकू एवं बाइक जब्त की गई। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत जेल भेज दिया गया।

### सड़क हादसा में...

ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उन्होंने भी दम तोड़ दिया। दोनों ही आरक्षक वर्ष 2013 बैच के भर्ती थे और मूलतः जिला बेमेतरा के साजा क्षेत्र के निवासी थे। कम उम्र में ही कर्तव्य पथ पर इस तरह असमय निधन से पुलिस विभाग में शोक की लहर है।

### नाबालिग से दुष्कर्म ...

को उसे गिरफ्तार कर विधिवत न्यायालय में प्रस्तुत किया। विवेचना पूर्ण होने पर अभियोग पत्र न्यायालय में पेश किया गया। विचारण के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से 10 गवाहों के बयान दर्ज कराए गए। अंतिम सुनवाई में विशेष लोक अभियोजक निशा शर्मा द्वारा प्रस्तुत तर्कों एवं साक्ष्यों पर विचार करते हुए विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो) बलौदाबाजार, गिर्जेश प्रताप सिंह ने आरोपी को दोषी करार दिया। न्यायालय ने आरोपी को भारतीय दंड संहिता की धारा 376 (क)(ख) एवं पॉक्सो अधिनियम की धारा 6 के तहत 20 वर्ष सश्रम कारावास एवं अर्थदंड से दंडित किया है। आरोपी वर्तमान में जेल में निरुद्ध है।

### जनगणना से पहले...

संकलन के लिये है और इससे किसी योजना के पात्रता या अपात्रता का कोई सबंध नहीं है। उन्होंने कहा कि जिला स्तरीय प्रशिक्षण के पश्चात ब्लॉक लेवल पर अधीनस्थ कर्मचारियों का कई चरणों में प्रशिक्षण होगा। जनगणना कार्य हेतु प्राथमिक शिक्षकों की ड्यूटी लगाई जाएगी। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सभी एसडीएम, उप संचालक योजना एवं सांख्यिकी पायल पाण्डेय सहित तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी उपस्थित थे।

### पंजीकृत श्रमिकों को

सत्यापन एवं आवश्यक सुधार किया जायेगा। वर्तमान में 8429 श्रमिकों का ई-केवाईसी किया जाना है। पंजीकृत श्रमिकों से अपील है कि जिनके मोबाइल पर आधार एवं श्रम कार्ड डाटा में समानता नहीं पाये जाने के संबंध में संदेश प्राप्त होता हैं वह श्रम कार्यालय जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय कक्ष क्रमांक 117 में आकर अथवा उक्त सूची संबंधित ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं एवं अपने संबंधित पंचायत में जाकर आधार कार्ड जमा करना अनिवार्य है।

### महुआ शराब बरामद

**महासमुंद।** बकमा से कोटरीपानी जाने के मार्ग में एक व्यक्ति के कब्जे से बागबाहरा पुलिस ने महुआ शराब बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी आरोपी खुरदेव ठाकुर पिता द्वुतिया ठाकुर (27 वर्ष) कोटरीपानी के कब्जे से लगभग 15 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत 3000 रुपए को जब्त कर कार्रवाई की है।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
20 फरवरी 2026
SHOW TIME
ओ रोमियो
शो समय - 12:00, 3:00, 6:00, 9:00 PM
शतक संघ के 100 वर्ष
शो समय - 12:00, 3:00, 6:00, 9:00 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

# नन्हीं खुशियों से महका वृद्धाश्रम, स्कूली बच्चों ने लिया बुजुर्गों का आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

एक्स्ट्राऑर्डिनरी क्लास स्कूल के नन्हें-मुन्नें बच्चों ने स्थानीय वृद्धाश्रम का भ्रमण कर मानवता की मिसाल पेश की। बच्चों ने न केवल बुजुर्गों के साथ समय बिताया, बल्कि उन्हें उपहार देकर उनके चेहरों पर मुस्कान बिखेर दी। भावुक कर देने वाला मिलन जैसे ही बच्चों का दल वृद्धाश्रम पहुंचा, वहां का शांत माहौल खिलखिलाहट से भर गया। बच्चों ने बड़े ही आदर के साथ सभी बुजुर्गों के पैर छुए और उनका आशीर्वाद लिया। कई बुजुर्ग बच्चों को देखकर भावुक हो गए और उन्हें अपने पोते-पोतियों की तरह गले लगा लिया। उपहारों और प्यार का वितरण बच्चों ने स्कूल के सहयोग से बुजुर्गों के लिए विशेष उपहार तैयार किए थे। इनमें शामिल थे दैनिक उपयोग की वस्तुएं कुछ बच्चों ने भजन और कविताएं सुनाकर बुजुर्गों का मनोरंजन भी किया।

प्राचार्य डॉ. एकता शुक्ला ने बताया कि इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य बच्चों में नैतिक मूल्यों और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करना है। उन्होंने कहा आज के डिजिटल युग में बच्चे बुजुर्गों के अनुभव और उनके महत्व को भूलते जा रहे हैं। ऐसे दौरों से वे रिश्तों की अहमियत समझेंगे।

इस भ्रमण को सार्थक बनाने में स्कूल की शिक्षक यशवंत वैष्णव व आकांशा, काजल, सुशील, सपना मैम का सहयोग सराहनीय रहा।

## भजन और कविताओं से किया मनोरंजन






### स्कूल की इस पहल की सराहना की

हमें यहां आकर बहुत अच्छा लगा। दादा-दादी की कहानियों और उनके आशीर्वाद ने हमारा दिन बना दिया। एक छात्र का अनुभव वृद्धाश्रम के संचालकों ने स्कूल की इस पहल की सराहना की और कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से बुजुर्गों को अकेलापन महसूस नहीं होता और उन्हें समाज का हिस्सा होने का अहसास होता है।


## निर्माता-निर्देशक व कलाकारों पर एफआईआर तथा फिल्म पर प्रतिबंध की मांग

# 'यादव जी की लव स्टोरी' फिल्म का विरोध, सर्व यादव समाज ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

कथित फिल्म यादव जी की लव स्टोरी को लेकर सर्व यादव समाज में गहरा आक्रोश व्याप्त है। इसी कड़ी में जिला मुख्यालय के गार्डन चौक में सर्व यादव समाज के बैनर तले समाजजनों ने प्रदर्शन कर फिल्म पर प्रतिबंध लगाने तथा निर्माता, निर्देशक एवं कलाकारों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने की मांग की। सर्व यादव समाज के जिला संरक्षक संतोष यदु ने बताया कि यह प्रदर्शन प्रदेश अध्यक्ष रमेश यदु के नेतृत्व में किया गया। प्रदर्शन के दौरान समाज के पदाधिकारियों ने नारेबाजी करते हुए फिल्म के प्रति कड़ा विरोध जताया। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि उक्त फिल्म समाज की छवि को धूमिल करने तथा सामाजिक सद्भाव को प्रभावित करने वाली है। प्रदर्शन में प्रदेश अध्यक्ष रमेश यदु, प्रदेश सह मंत्री सुरेश यदु, संरक्षक संतोष यदु, जनपद पंचायत अध्यक्ष सुलोचना यादव, गीता यादव, युवा जिलाध्यक्ष उमेश यादव, महिला जिलाध्यक्ष पुष्पा यादव, तहसील अध्यक्ष भाटापारा मन्नू लाल यादव, तहसील अध्यक्ष बलौदाबाजार कमलेश्वर यदु, भीखम यदु, रेशम यदु, दिनेश यादव, धीरज यादव, आजुराम, गौतम यादव, मेहतरू यादव, रामकुमार यादव, मुकुत राम यादव, हरिकीर्तन यादव, लखन यादव, देगेश यादव, रोहित यादव, सुमन यादव, कुंती यादव, जानकी यादव, धनेश्वरी यादव, गुंजा यादव, संजय यादव, तमेश्वर, शेषनारायण यदु सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।





### कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

समाज के प्रतिनिधियों ने कहा कि यादव समाज शांतिप्रिय है, किंतु समाज की प्रतिष्ठा और मान-सम्मान को ठेस पहुंचाने वाली किसी भी फिल्म को सिनेमा घरों में प्रदर्शित नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि फिल्म पर प्रतिबंध की मांग को लेकर देशभर में राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपे जा रहे हैं।

### आंदोलन की दी चेतावनी

प्रदर्शनकारियों ने दावा किया कि मामले को लेकर देश के सर्वोच्च न्यायालय में भी अपील दायर की गई है, जिस पर निर्णय लंबित है। समाज के पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही फिल्म पर प्रतिबंध नहीं लगाया गया तो व्यापक आंदोलन किया जाएगा।

## राष्ट्रीय व्हालीबॉल स्पर्धा में नवापारा स्कूल से करिश्मा का चयन



**सिमगा।** विकासखंड के शासकीय उत्तर माध्यमिक विद्यालय नवापारा राष्ट्रीय खिलाड़ियों से अपनी पहचान बना रहा है। करिश्मा पाल कक्षा ग्यारहवीं से जिनका चयन राष्ट्रीय सब जूनियर व्हालीबॉल प्रतियोगिता के लिए हुआ है।

व्यायाम शिक्षक वीरेंद्र पटेल ने बताया कि वेस्ट बंगाल के हुगली में 24 फरवरी से 1 मार्च तक आयोजित सब जूनियर व्हालीबॉल प्रतियोगिता में करिश्मा पाल छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगी। छत्तीसगढ़ वॉलीबॉल फेडरेशन द्वारा उक्त प्रतियोगिता के लिए सिलेक्शन ट्रायल 15 फरवरी को सप्रे शाला मैदान रायपुर में आयोजित की गई थी। जिसमें लगभग 120 बालक बालिकाओं ने भाग लिया था। जिला ओलंपिक संघ के पदाधिकारी आदित्य सिंह ठाकुर ने कहा कि खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए हर संभव सहायता व सुविधा दी जा रही है साथ ही बलौदाबाजार भाटापारा जिले के प्रतिभावान खिलाड़ियों की खोज कर तरासने का काम किया जा रहा है। इस उपलब्धि के लिए सिमगा जनपद पंचायत अध्यक्ष दौलतपाल, नवापारा सरपंच डोमार सिंह मारकंडेय, पूर्व सरपंच भुवनेश्वर वर्मा, प्राचार्य भीष्म कुमार पैकरा, जिला वालीबाल संघ के पदाधिकारी नितिन पांडेय, खेल प्रेमी व पार्षद सचिन जैन, वरिष्ठ शिक्षक उत्तम कुमार साहू व दाऊलाल साहू एवं समस्त नवापारा ग्रामवासियों ने शुभकामनाएं व बधाई दी है।

## खबर संक्षेप



### जोहार पार्टी का सदस्यता अभियान जारी

**सिमगा।** जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के प्रदेशव्यापी सदस्यता अभियान के तहत बलौदाबाजार जिले में पार्टी का सदस्यता अभियान जारी है। जिले को 9 खंड में विभाजित कर जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसी तारतम्य मे ब्लाक के चंडी गांव में सदस्यता के लिए बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें चंडी के साथ करही के लोगों ने भाग लेकर 10 सक्रिय सदस्य व 65 लोगों ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता ली। बैठक में चंडी ग्राम प्रमुख के पद पर लोकनाथ ध्रुव की नियुक्ति की गई। अगली बैठक में मातृशक्ति को पार्टी से जोड़ने बड़ी बैठक ग्राम में करने का निर्णय लिया गया। इस बैठक में जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के केंद्रीय उपाध्यक्ष व प्रवक्ता चन्द्रकांत यदु, जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र यदु, जिला सचिव विनोद वर्मा, शीतल वर्मा, राकेश वर्मा, लोकनाथ ध्रुव, दिलीप ध्रुव, लक्ष्मीनाथ ध्रुव, प्रहलाद ध्रुव, गंगाराम ध्रुव, चोवाराम ध्रुव, अमन वर्मा, दिलीप यदु, मनहरण निषाद, खम्हन ध्रुव, रामकुमार ध्रुव, भरत लाल ध्रुव, जनकराम ध्रुव, दौलत ध्रुव व अन्य लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे ।

### भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक बने डॉ. शेषनारायण

**महासमुंद।** भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के नए जिला संयोजक डॉ. शेष नारायण गुप्ता होंगे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव की सहमति से भारतीय जनता पार्टी चिकित्सा प्रकोष्ठ छत्तीसगढ़ की जिला संयोजक व सह संयोजकों की घोषणा की गई है। जिसमें संयोजक डॉ. शेष नारायण गुप्ता एवं डॉ. प्रकाश पटेल एवं डॉ. सत्यप्रकाश शर्मा सहसंयोजक होंगे।

### गांजा तस्करी मामले में युवक को 12 वर्ष का सश्रम कारावास की सुनाई सजा

महासमुंद। अवैध मादक पदार्थ गांजा तस्करी के मामले में आरोप दोष सिद्ध होने पर एनडीपीएस एक्ट के विशेष न्यायाधीश संघपुष्पा भतपहरी ने ओडिशा कोरापुर जिले के अंतर्गत ग्राम वारणीफुट राणाशाही निवासी 25 वर्षीय रंजन खोरा पिता लक्ष्मण खोरा को एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 (ख) (।।) (ग) के तहत 12 वर्ष का सश्रम कारावास व 1 लाख रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड की राशि नही पटाने पर एक वर्ष का सश्रम कारावास पृथक से भुगतना होगा। अभियोजन के अनुसार बागबाहरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत 31 जुलाई 20 को एनएच 353 पर पिथौरा चौक के पास आने जाने वाले वाहनों को रोककर समझाइश दे रहे थे, उसी समय खरियार रोड की ओर से एक स्लेटी कलर का टाटा टीआगो क्रमांक ओडी 10 एन 7574 आया। जिसमें एक अपचारी बालक और रंजन खोरा बैठे हुए थे।

## निधन

### बुडगूराम बांधे



बगबुड़ा। ग्राम खैरा (दतान) निवासी बुडगूराम पिता झंगल बांधे 70 वर्ष का 23 फरवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 24 फरवरी को गांव के मुक्तिधाम में किया गया, जिसमें समाजजन सहित ग्रामवासी व रिश्तेदार बड़ी संख्या में शामिल हुए। वे मूलचंद बांधे, स्व. कौशल प्रसाद बांधे के पिताजी व पतंगा, तिजराम, छेडुलाल बांधे के भाई एवं सुरज, हेमंत, प्रदीप, दिव्यांशी, प्रियांशी, धनेश्वरी के दादा थे।

# कलेक्टर ने छात्र-छात्राओं के साथ खाई फाइलेरिया की दवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

कलेक्टर दीपक सोनी ने राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत पाठशाला स्कूल के बच्चों एवं मिनीमाता शासकीय कन्या महाविद्यालय के छात्राओं को सामूहिक दवा सेवन के लिये प्रेरित किया। उन्होंने बच्चों और छात्राओं को एल्बेंडाजोल की गोली वितरित की जिसे बच्चों और छात्राओं ने सेवन किया।

कलेक्टर ने महाविद्यालय में कहा कि दवा सेवन से हाथी पाँव बीमारी को रोका जा सकता है। एहतियात के तौर पर यह दवाई दी जा रही है। यह अभियान हर साल स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाया जाता है। उन्होने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को यह दवाई लेनी है ताकि अगले 3 -4 साल में जिले को फ़ाइलेरियामुक्त जिला बना सकें। आप स्वयं दवा खाएं और आस -पास के लोगों को भी दवा सेवन के बारे में बताये।



### बच्चों को आगे बढ़ने करियर के भी दिए टिप्स

कलेक्टर ने महाविद्यालय के छात्राओं को कैरियर मार्गदर्शन देते हुए कि जिस क्षेत्र में कैरियर बनाना चाहते है उसकी पूर्व जानकारी के साथ पूरी लगन से तैयारी करें। प्रतिदिन समाचार पत्र पढ़े। जिला प्रशासन द्वारा प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी हेतु सीएसआर मद से कोचिंग सुविधा दी जा रही है। हम होंगे कामयाब अंतर्गत रोजगार व स्वरोजगार के अवसर प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा पंडित चक्रपाणी शुक्ल हाई स्कूल में जिला अर्थशाला शुरू किया गया है जहां बिजनेस और वित्त से संबंधित जानकारी दी जा रही है। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ कल्पना उपाध्याय सहित अन्य प्राध्यापक एवं छात्राएं उपस्थित रहे।

## पूर्व माध्यमिक शाला छड़िया में 8वीं के विद्यार्थियों को दी विदाई



**खरोरा।** पूर्व माध्यमिक शाला छड़िया में कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधान पाठक धीरेंद्र कुमार वर्मा द्वारा भव्य न्योता भोज का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों, पालकों, जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामवासियों ने सहभागिता निभाई। साथ ही पालक सम्मेलन का भी आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों के शैक्षणिक विकास एवं उज्ज्वल भविष्य पर सार्थक चर्चा हुई। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के विद्यार्थियों ने विभिन्न स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लिया और पूरे वातावरण में उत्साह एवं आत्मीयता का भाव देखने को मिला। ग्राम की सरपंच सरिता उगेंद्र देवांगन, उप सरपंच मीना नेतराम वर्मा, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष नकुल राम वर्मा, पंच केशव राम वर्मा एवं अन्य ग्रामवासियों ने विद्यार्थियों के साथ बैठकर न्योता भोजन ग्रहण किया प्रधान पाठक धीरेंद्र वर्मा ने कहा विद्यार्थियों को जीवन में अनुशासन, परिश्रम एवं संस्कारों को सर्वोपरि रखने की प्रेरणा दी।

उन्होंने कहा कि विद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण का आधार है। उन्होंने विद्यार्थियों को आगे की पढ़ाई के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे अपने माता-पिता, गुरुजनों एवं विद्यालय का नाम रोशन करें।

# गिरौदपुरी मेले के सफल आयोजन के लिए कलेक्टर ने जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

बाबा गुरु घासीदास जी की पावन जन्मस्थली एवं तपोभूमि गिरौदपुरी धाम में 22 से 24 फरवरी तक आयोजित तीन दिवसीय भव्य संत समागम एवं गुरुदर्शन मेला का गरिमामय और शांतिपूर्ण समापन पर कलेक्टर दीपक सोनी ने अपनी कृतज्ञता व्यक्त की है। कलेक्टर ने मेले को सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली मेला समिति, मेला से जुड़े अधिकारी-कर्मचारी एवं दर्शन के लिए आए लाखों श्रद्धालुओं और जिले के नागरिकों के प्रति विशेष रूप से आभार प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि आस्था के इस महाकुंभ में सभी के सहयोग से अनुशासन और सुरक्षा का वातावरण बना रहा, जिससे दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं को सुलभ दर्शन प्राप्त हुए।




श्री सोनी ने मेले की व्यवस्थाओं में दिन-रात मुस्तैद रहे विभिन्न विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों, पुलिस बल और सेवादारों की कर्तव्यनिष्ठा की सराहना करते हुए कहा कि स्वास्थ्य, पेयजल, सफाई और यातायात जैसी मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाए रखने में पूरी टीम ने सराहनीय कार्य किया है। उन्होंने स्थानीय नागरिकों और स्वयंसेवकों के समर्पण को भी इस सफल आयोजन की मुख्य कड़ी बताया। कलेक्टर ने विश्वास जताया कि भविष्य में भी इसी तरह के समन्वय और सेवा भाव के साथ गिरौदपुरी धाम आने वाले श्रद्धालुओं के लिए प्रशासन बेहतर सुविधाएं सुनिश्चित करने हेतु प्रतिबद्ध रहेगा।

### मेला स्थल पर की गई निःशुल्क भोजन की व्यवस्था



**लवन।** गिरौदपुरी मेले में प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज द्वारा तीन दिवसीय निशुल्क भोजन भंडारा सतनाम साहित्य संगोष्ठी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया है। भोजन भंडारा का शुभारंभ सद्भावना संदेश पदयात्रा लेकर मड़वा धाम पहुंचे धर्मगुरु खुशवंत साहेब मंत्री ने पूजा अर्चना कर संत समाज को आशीर्वाद प्रदान कर निशुल्क भोजन भंडारा का शुभारंभ किया। मडवा धर्मशाला में शुभारंभ तिथि पर खीर, पूरी, गुलाब जामुन, भोजन भंडारा में प्रथम दिन लगभग 3000 से अधिक लोगों ने गुरु प्रसादी ग्रहण किया।मेला में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के साथ दर्जनों विधायक व दाऊराम रत्नाकर, सनम जांगड़े, देवेन्द्र यादव, रिचा जोगी भी पहुंचे।

## राजस्व रिकॉर्ड के मुद्दे पर विधायक ने विस में पूछे सवाल



**बिलाईगढ़।** विधानसभा के बजट सत्र के पहले ही दिन बिलाईगढ़ विधायक कविता प्राण लहरे ने बिलाईगढ़ विकासखंडों में ऑनलाइन और ऑफलाइन राजस्व अभिलेखों की विसंगतियों का मुद्दा मजबूती से उठाकर सरकार को घेरने का प्रयास किया। उन्होंने राजस्व मंत्री से सीधा सवाल करते हुए पूछा कि क्या तहसील कार्यालयों में संधारित ऑफलाइन मिसल और ऑनलाइन 'भुईया' पोर्टल के रिकॉर्ड में अंतर के कारण आम नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

विधायक ने रिकॉर्ड दुरुस्ती, फौती और नामांतरण प्रकरणों में हो रही देरी तथा जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई को लेकर भी सरकार से स्पष्ट जवाब मांगा। उनके सवालों को सदन में गंभीरता से लिया गया और इसे क्षेत्र के हित में उठाया गया महत्वपूर्ण मुद्दा माना गया।राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा ने जवाब में कहा कि जिले में ऑनलाइन और ऑफलाइन रिकॉर्ड में अत्यधिक भिन्नता नहीं है तथा त्रुटि सुधार का कार्य निरंतर जारी है। उन्होंने बताया कि विगत दो वर्षों में 5, 496 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 4,646 का निराकरण किया जा चुका है और 850 आवेदन लंबित हैं।

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
कानों की रिशेपिंग
जन्मजात, दुर्घटना या अन्य कारणों से कटे या टेढ़े-मेढ़े कानों की रिशेपिंग
पचपेड़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

online Booking:-www.tripuryatra.com
20 वर्षों से
चांपा, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 12 मार्च से 22 मार्च 2026 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी
राशि :- स्लीपर 14,900/-, 3 एसी-23,900/-, 2 एसी 28,900/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354 411411

स्वामी जी 93406-38884
By Train- रिजर्वेशन व स्पेशल पैकेज से
चार धाम यात्रा
हरिद्वार, ऋषिकेश, गंगोत्री यमुनोत्री, बद्रीनाथ, केदारनाथ
यात्रा दिनांक
18 अप्रैल 2026
02 मई 2026
18 मई 2026
02 जून 2026
15 दिन की यात्रा
राशि स्लीपर ऑफर ₹22,500/-3AC ऑफर ₹29,500/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
9111111866, 8275757579
Head Office : ग्राउण्ड फ्लोर सिटी सेंटर मॉल पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)